## न्यायालय उप जिला कलेक्टर वजीरपुर जिला गंगापुर सिटी

पीठासीन अधिकारी–अनूप सिंह आर.ए.एस.

| मुकदमा नम्बर | तारीख रजू | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 90/2021 | 18.03.2021 | 18.07.2024 |

### उनवान

1. भरोसी पुत्र रामधन जाति मीना निवासी बडौली।
2. आशादेवी पत्नि चेतराम जाति मीना निवासी मीना बडौदा।
3. जयराम पुत्र बद्री जाति मीना निवासी बडौली।
4. कैलाशी पत्नि जयराम जाति मीना निवासी बडौली।
5. रामरति पत्नि ओम प्रकाश जाति मीना निवासी बडौली।

–प्रार्थीगण

बनाम

| | |
|---|---|
| 1. किशोरी पुत्र उंकार<br>2. छोटे पुत्र उंकार<br>3. भगवानसिंह पुत्र केसरिया<br>4. रघुवीर पुत्र केसरिया<br>5. रामकरण पुत्र केसरिया<br>6. रामस्वरुप पुत्र भॅवरिया<br>7. सम्पत पुत्र भॅवरिया | जाति धोबी निवासी वजीरपुर तहसील वजीरपुर । |
| 8. जोखाराम पुत्र रामजीलाल<br>9. दीपराम पुत्र रामजीलाल<br>10. हरिसिंह पुत्र रामजीलाल | जाति मीना निवासी वजीरपुर तहसील वजीरपुर। |

11. रतनकौर पत्नि स्व0 रामजीलाल जाति मीना निवासी वजीरपुर
12. लैण्डहोल्डर द्वारा तहसीलदार वजीरपुर तहसील वजीरपुर ।

–अप्रार्थीगण

**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट0**

**बाबत कराये जाने पत्थर गढी।**

उपस्थितः– 1. अधिवक्ता श्री सतीश कुमार शर्मा प्राथीगण की ओर से
2. अप्रार्थीगण की ओर से कोई उपस्थित नही।

उप जिला कलेक्टर
वजीरपुर (गंगापुर सिटी)

## निर्णय

प्रार्थी सं0 1 की खातेदारी की भूमि ख0नं0 2793 रकबा 0.12 है0, ग्राम वजीरपुर प्रार्थी सं0 2 की खातेदारी की भूमि ख0नं0 5701/2792 रकबा 0.18 है0, ग्राम वजीरपुर प्रार्थी सं0 1 लगायत 3 की खातेदारी की भूमि ख0नं0 2751 रकबा 0.23 है0, ग्रान वजीरपुर प्रार्थी सं0 3 व 4 की खातेदारी की भूमि ख0नं0 5702/2792 रकबा 0.53 है0, ग्राम वजीरपुर जिसपर प्रार्थीगण अपनी- अपनी भूमि पर काश्त कर भूनि की फसल से लाभांवित होते चले आ रहे है। प्रार्थी सं0 1 की भूमि ख0नं0 2793 से लगती हुई पश्चिम दिशा की ओर खसरा नंबर 2797 स्थित है जिसकी खातेदारी अप्रार्थी सं0 1 ता 7 के नाम है तथा दक्षिण दिशा मे भूमि खसरा नंबर 2929 है जो अप्रार्थी संख्या 12 के नाम दर्ज है प्रार्थी संख्या 2 की भूमि खसरा नंबर 5701/2792 से लगती हुयी पुर्व व उत्तर दिशा की ओर लगती हुई ख0नं0 5702/2792 है जो प्रार्थी संख्या 4 व 5 के नाम दर्ज है तथा दक्षिण दिशा में खसरा नंबर 2929 अप्रार्थी संख्या 12 के नाम दर्ज है। इसी प्रकार प्रार्थी संख्या 1व 3 की जनीन ख0नं0 2791 से लगती हुयी दक्षिण दिशा की ओर की भूमि प्रार्थी संख्या 2 के नान दर्ज है एवं पूर्व दिशा की ओर लगती हुई भूमि ख0 नं0 2790 की खातेदारी अप्रार्थी संख्या 1 ता 11 के नाम दर्ज है। उक्त मद में वर्णित प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण की भूनि की सीनाए एक दुसरे से मिली हुई है जिससे पक्षकारान में आए दिन विवाद होता रहता है इसलिए प्रार्थीगण द्वारा उक्त भूमि के सीमाज्ञान के लिए एक प्रार्थना पत्र तहसीलदार जी के समक्ष पेश किया जिस पर दिनांक 24.06.2020 को पटवारी हल्का बडौली व वजीरपुर तथा गिरदावर द्वारा मौके पर जाकर प्रार्थी की भूमि का सीनाज्ञान कर प्रार्थी को उनकी भूमि की समीऔं से अवगत करया । प्रार्थीगण पटवारी हल्का द्वारा बताए गये सीमा चिन्हो के अनुसार भूमि काश्त कर भूमि से लानांवित होते चले आ रहे है। परन्तु अप्रार्थीगण झगडालू किस्म के व्यक्ति है और उन्होने पटवारी हल्का द्वारा लगाये गये सीमा चिन्हो को मानने से मना कर दिया और कहा की यदि तुम्हे अपनी भूमि में कोई विवाद नही चाहिए तो अपनी भूमि में पत्थर गढी करा लो तभी विवाद का सही रुप से समाधान हो सकेगा इसलिए प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत नजरी नक्शे में दर्शित किये गये लाल रंग की सीमाऔं की पत्थर गढी के आदेश तहसीलदार वजीरपुर को दिये जावे तथा निर्देशित किया जावे कि आवश्यकता होने पर वे पुलिस सहायता से पत्थरगढी करवाये।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगढ को जारिए नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बाबजूद सूचना अनुपस्थित होने पर उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गयी।

प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के साथ दस्तावेज फर्द मौका रिपोर्ट 24.06.2020 बाबत सीमाज्ञान नजरी नक्शा , नकल नक्शा ट्रेस, नकल जमाबंदी संवत् 2076 - 2079 खाता सं0 195, नकल जमाबंदी संवत् 2076 - 2079 खाता सं0 312, नकल जमाबंदी संवत् 2076 - 2079 खाता सं0 311, नकल जमाबंदी संवत् 2076 - 2079 खाता सं0 384, नकल जमाबंदी संवत् 2076 - 2079 खाता सं0 723, नकल जमाबंदी संवत् 2076 - 2079 खाता सं0 502, नकल जमाबंदी संवत् 2076 - 2079 खाता सं0 01 वाके ग्राम वजीरपुर पेश किये।

बहस वकील प्रार्थीगण सुनी गयी । वकील प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुरुप बहस करते हुए अपनी खातेदारी भूमि से लगती हुई अप्रार्थीगण की खातेदारी भूमि की सीमाओ जिन्हे नजरी नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है कि पत्थरगढी के लिए निवेदन किया है तथा कहा कि प्रार्थीगण ने अपनी भूमि का सीमाज्ञान दिनांक 24.06.2020 को करवा लिया है तथा पटवारी हल्का द्वारा बताये सीमा चिन्हो के

उप जि...
वजीरपुर (गंगापुर सिटी)

अनुसार काबिज होकर प्रार्थी अपनी भूमि को काश्त कर रहे है। सीमाज्ञान की रिपोर्ट व प्राथीगण व अप्रार्थीगण के खातेदारी भूमि की जमाबंदी , नक्शा ट्रेस पत्रावली में पेश कर दिये गये है। अप्रार्थीगण ने पटवारी हल्का द्वारा बताये गये सीमा चिन्हो को मानने से इन्कार कर दिया है इसलिए प्रार्थीगण की भूमि की सीमाए जिन्हे नजरी नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है की पत्थरगढी पुलिस सुरक्षा में करवायी जावे । अप्रार्थीगण की ओर से कोई उपस्थित नही हुआ!

बहस पर मनन किया गया पत्रावली व पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजो का अवलोकन किया गया । प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र से स्पष्ट है कि पक्षकारान के मध्य सीमाओ को लेकर आपसी विवाद है तथा प्रार्थीगण द्वारा अपनी खातेदारी भूमि का पटवारी हल्का से कराये गये सीमाज्ञान को अप्रार्थीगण मानने को तैयार नही है इसलिए प्रार्थीगण ने उक्त प्रार्थनापत्र बावत पत्थरगढी प्रार्थनापत्र के साथ संलग्न नजरी नक्शे के अनुसार कराये जाने का निवेदन किया है। अप्रार्थीगण को सूचना दिये जाने के उपरान्त भी अप्रार्थीगण जानबूझकर न्यायालय में हाजिर नही हुऐ। जिससे यह माना जाता है कि अप्रार्थीगण अनावश्यक रुप से प्रार्थीगण से उनकी खातेदारी की भूमि की समीओं के लेकर विवाद करते है इसलिए प्रार्थीगण भूमि की सीमाएं जिन्हे नजरी नक्शे मे लाल रंग से दर्शाया गया की पत्थरगढी करवाया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

## आदेश

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार किया जाकर प्रार्थी सं0 1 की भूमि ख0नं0 2793 रकवा 0.12 है0, प्रार्थी संख्या 2 की भूमि खसरा नंबर 5701/2792 रकवा 0.12 है0, प्रार्थी संख्या 1व 3 की भूमि ख0नं0 2791 रकवा 0.23 है0, एवं प्रार्थी संख्या 4 व 5 की भूमि ख0नं0 5702/2792 रकवा 0.53 है0 वाके ग्राम वजीरपुर तहसील वजीरपुर जिसमें प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि की समीओं को नकल नक्शा ट्रेस के अनुसार जिन्हे नजरी नक्शे मे लाल रंग से दर्शाया गया है का मौके पर जाकर सीमाज्ञान कर पत्थरगढी करवाये जाने के आदेश तहसीलदार वजीरपुर को दिये जाते है। आवश्यकता होने पर तहसीलदार वजीरपुर थानाधिकारी वजीरपुर से पुलिस सहायता प्राप्त कर पत्थरगढी करवाया जाना सुनिश्चित करे। नजरी नक्शा निर्णय का जुज रहेगा। आदेश की पालना हेतु निर्णय की एक प्रति तहसीलदार वजीरपुर को भिजवाई जावे।

निर्णय खुले न्यायालय में आज दिनांक 18.07.2024 को सुनाया गया।

उप जिला कलेक्टर
(अनूप सिंह)
वजीरपुर (गंगापुर सिटी)

उप जिला कलेक्टर
वजीरपुर